योग्यता रखते है, वे डी०एल०एड० कोर्स मे नामांकन के पात्र नहीं होंगे। लेकिन यदि किसी अभ्यर्थी ने 10+2 मे वोकेशनल कोर्स के अन्तर्गत योग्यता हासिल की है अथवा जिन्होंने मध्यमा के बाद इण्टर 10+2 अथवा फौकानिया के बाद इण्टर, 10+2 की योग्यता हासिल की है वे डी०एल०एड० कोर्स में नामांकन के पात्र होंगे।

4. **उम्र सीमा (Age Limit)**

अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र सीमा पहली जनवरी, 2025 को 17 वर्ष (सभी कोटि के लिए) होगी।

5. **प्रवेश प्रक्रिया (Admission Process)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित डी०एल०एड० ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार मेधा सूची (Merit List) के अनुसार बिहार के सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी संबद्धता प्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थानों में 'प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा' (डी०एल०एड०) कोर्स में नामांकन हेतु बिहार सरकार के आरक्षण नियमों के अनुसार, सरकार द्वारा उर्दू तथा कला/वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों के लिए निर्धारित स्थान एवं अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय के लिये दी गई प्राथमिकता (College Choice) को दृष्टिपथ में रखते हुए Online कम्प्यूटरीकृत रूप से अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किया जाएगा।

6. आरक्षण :–

(क) **उर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)** डी०एल०एड० (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में) प्रवेश में अनुसूचित जातियों (S.C.), अनुसूचित जनजातियों (S.T.), पिछड़ा वर्ग (B.C.), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (E.B.C.), पिछड़े वर्ग की महिलाओं (W.B.C.) एवं आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों (E.W.S.) के पक्ष में क्रमशः 16 प्रतिशत, 01 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 03 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत की सीमा तक आरक्षण बिहार सरकार की अधिसूचना/शासनादेश के अनुसार देय होगा।

(ख) **क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)**

(i) सरकारी नियमानुसार कुल स्वीकृत सीटों में से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पाँच प्रतिशत (5%), बिहार राज्य के निवासी सेवारत्/सेवानिवृत/दिवंगत/भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी के आश्रित पुत्र/आश्रित अविवाहित पुत्री को पाँच प्रतिशत (5%) क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

(ii) उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए दस प्रतिशत (10%) स्थान आरक्षित होगा। क्षैतिज आरक्षण के रूप यह आरक्षण लागू होगा, परंतु यह आरक्षण लाभ उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्होंने +2 स्तर की परीक्षा में उत्तीर्णता उर्दू विषय के साथ हासिल की है।

(iii) सभी संस्थानों में कुल सीट का 50 प्रतिशत विज्ञान तथा 50 प्रतिशत कला/वाणिज्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा।

7. **प्रवेश परीक्षा (Entrance Test)**

प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन माध्यम (Computer Based Test) से आयोजित होगी। इस परीक्षा में 120 प्रश्न होंगे जो वस्तुनिष्ट एवं बहुवैकल्पिक होंगे।

7.1 **प्रवेश परीक्षा की अवधि (Duration of Entrance Test)**

प्रवेश परीक्षा की अवधि 150 मिनट (2:30 घंटा) की होगी।

7.2 **प्रवेश परीक्षा का प्रारूप (Pattern of Entrance Test)**

क्रम सं०	विषय	प्रश्नों की संख्या	निर्धारित अंक
1	सामान्य हिन्दी (General Hindi)/उर्दू (Urdu)	25	25
2	गणित (Mathematics)	25	25
3	विज्ञान (Science)	20	20
4	सामाजिक अध्ययन (Social Studies)	20	20
5	सामान्य अंग्रेजी (General English)	20	20
6	तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (Logical & Analytical Reasoning)	10	10
	कुल	120	120

प्रत्येक सही उत्तर के लिए 01 (एक) अंक दिये जाएँगे।